गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर - 263 145, जनपद - ऊधम सिंह नगर

डा0 अनिल कुमार शर्मा पत्रांक : प्रसार/कि.मे./3638

निदेशक प्रसार शिक्षा दिनांक : 04-03-2021

प्रिय किसान भाइयों,

'कृषि कुम्भ' नाम से विख्यात **109वाँ अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी** का आयोजन **पंतनगर में मार्च 22-25, 2021** तक किया जा रहा है। इस किसान मेले में रबी की प्रमुख फसलों-गेहूँ, चना, मटर, जौ, मसूर, तोरिया, सरसों एवं सब्जियों आदि के वैज्ञानिक पद्धति से लगाये गये परीक्षण/प्रदर्शन दिखाये जायेगें तथा खरीफ की प्रमुख फसलों- धान, मक्का, अरहर, मूँग, उड़द, सोयाबीन एवं सब्जियों की अधिक उपज देने वाली प्रजातियों के बीज बिक्री हेतु उपलब्ध होंगे। साथ ही फल, सब्जी, वानिकी, सगन्धीय एवं फूलों की पौध इत्यादि भी बिक्री हेतु उपलब्ध रहेंगे। मेले में निम्न बहुआयामी कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं:

- ⇨ फल-फूल, शाक-भाजी एवं परिरक्षित पदार्थों की प्रदर्शनी व प्रतियोगिता:- मेला प्रांगण — 22-23 मार्च
- ⇨ संकर बछियों की नीलामी:- शैक्षणिक डेरी फार्म, नगला (अपराह्न 2.00 बजे) — 23 मार्च
- ⇨ मत्स्य उत्पादन प्रदर्शनी व प्रतियोगिता (अपराह्न 3.00 बजे) — 23 मार्च
- ⇨ पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता (गाय एवं भैंस):- पशुचिकित्सा महाविद्यालय (पूर्वाह्न 10.00 बजे) — 24 मार्च
- ⇨ कृषि क्लीनिकः- मेला प्रांगण (पूर्वाह्न 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक) — 22-24 मार्च
- ⇨ समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह:- गाँधी हॉल (अपराह्न 3.00 बजे) — 25 मार्च

मेले के प्रथम तीन दिन पूर्वाह्न 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक मेला प्रांगण में कृषि सम्बन्धी समस्याओं के निदान हेतु कृषि क्लीनिक सेवा संचालित की जायेगी। किसान मेले के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित साहित्य की खरीद पर विशेष छूट दी जायेगी।

कार्यक्रम में 65 वर्ष से ज्यादा आयु के वृद्ध तथा 10 वर्ष से कम आयु के बालक/बालिका व ऐसे व्यक्ति कोई अन्य बीमारी हो, वह कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं होंगे।

कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत् रखते हुए आप लोगों से विशेष अनुरोध है कि अपने साथ मास्क, साबुन, सैनेटाइजर एवं शॉल/चादर इत्यादि रखें एवं मेले में भ्रमण के दौरान सामाजिक दूरी का ध्यान भी बनाये रखें। **कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत् रखते हुए इस वर्ष मेले में पूर्व की भांति रात्रि विश्राम की व्यवस्था की जानी सम्भव नहीं है।** अतः अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 महामारी से अपना बचाव हेतु पूर्ण सावधानी बरतें।

आप अपने साथियों एवं सम्बन्धियों सहित इस मेले में भाग लेने हेतु सादर आमंत्रित हैं।

भवदीय

(अनिल कुमार शर्मा)

निदेशक प्रसार शिक्षा

समस्त कृषक भाइयों, बहनों एवं आगंतुकों से अनुरोध है कि कोविड-19 महामारी के सन्दर्भ में राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के पालन करने में अपना सहयोग दें।

किसान मेले को स्वच्छ बनाने एवं पॉलीथीन मुक्त रखने में सहयोग करें

स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता, दो गज की दूरी एवं मास्क जरूरी